प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात
दिनांक- 29.08.2024

- **थाना गजनेर पुलिस द्वारा 02 नाबालिग गुमशुदा बच्चों की सकुशल बरामदगी की गयी।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर, जोन कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर रेन्ज, कानपुर श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक जनपद कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में गुमशुदा को सकुशल खोजकर उनके परिवारों को सुपुर्द करने के लिये चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना गजनेर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए श्री गौरीशंकर पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम फूफूआर थाना महाराजपुर जनपद कानपुर नगर द्वारा दिनांक 28.08.2024 को दी गयी लिखित तहरीर जिसमें वादी द्वारा दिनांक 28.08.2024 को अपने पुत्र के कोचिंग पढ़ने सरवनखेड़ा जाने व वहां से घर वापस न आने के सम्बन्ध में मु0अ0स0-195/2024 धारा 137(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। मुकदमा उपरोक्त में गुमशुदा रामलखन पुत्र गौरीशंकर निवासी फूफूआर थाना महाराजपुर कानपुर नगर उम्र करीब 17 वर्ष को आज दिनांक 29.08.2024 को नोएडा से बरामद किया गया जिसके साथ में अंश पुत्र राजबहादुर निवासी हाथीपुर थाना महाराजपुर कानपुर नगर उम्र करीब 17 वर्ष भी साथ में था। दोनों बच्चों की सकुशल बरामदगी की गयी है। बरामदशुदा नाबालिक बच्चों की सुपुर्दगी हेतु आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

बरामद करने वाली थाना गजनेर पुलिस टीम-

1. प्र0नि0 श्री प्रवीन कुमार
2. उ0नि0 श्री मान सिंह
3. का0 1128 साहिल श्रीवास्तव